100% Solutions

# SSC

## कांस्टेबल (जी.डी.)

BSF, CISF, CRPF, ITBP, SSB, SSF & ASSAM RIFLES

# 38 वर्ष-वार (2025 - 2023)

## विगत वर्षों के हल पेपर्स

- सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति
- सामान्य ज्ञान और सामान्य जागरूकता
- प्रारंभिक गणित
- हिंदी

FREE 5 ONLINE TESTS

मासिक करेंट अफेयर्स मैगज़ीन (QR कोड )

| SSC कांस्टेबल (जी.डी.) परीक्षा-2024 विश्लेषण | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| **विषय** | जीडी मॉल्वड पेपर 2025 (04/02/2025) S-1 | जीडी मॉल्वड पेपर 2025 (04/02/2025) S-2 | जीडी मॉल्वड पेपर 2025 (04/02/2025) S-3 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-1 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-2 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-3 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-4 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-1 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-2 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-3 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-4 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (22/02/2024) S-1 | जीडी मॉल्वड पेपर 2024 (29/02/2024) S-3 |
| **सामान्य ज्ञान और सामान्य जागरूकता** | | | | | | | | | | | | | |
| इतिहास | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| भूगोल | 2 | 2 | 3 | 2 | 1 | 3 | 3 | 4 | - | 3 | 2 | 3 | 2 |
| राज व्यवस्था | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| अर्थशास्त्र | 2 | 3 | 3 | 2 | 3 | 2 | 3 | 1 | 3 | 2 | 5 | 1 | 2 |
| भौतिक विज्ञान | 1 | - | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - |
| रसायन विज्ञान | 1 | 2 | - | 1 | - | - | 1 | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| जीवन विज्ञान | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| सामान्य ज्ञान | 5 | 6 | 5 | 7 | 7 | 5 | 6 | 7 | 6 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| सामान्य जागरूकता | 4 | 3 | 3 | 3 | 3 | 6 | 3 | 3 | 6 | 6 | 2 | 4 | 4 |
| **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |
| **हिंदी** | | | | | | | | | | | | | |
| तत्सम/तद्भव/शब्द भेद/एकार्थी शब्द | 3 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| पर्यायवाची शब्द | 1 | | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| मुहावरे और लोकोक्तियाँ | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| सामासिक पदों की रचना और समास विग्रह | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - |
| विपरीतार्थक (विलोम) शब्द | 2 | 4 | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 | 1 |
| वाक्य-शुद्धि: अशुद्ध वाक्यों का शुद्धिकरण और वाक्यगत अशुद्धि का कारण | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 1 | 4 |
| शब्द-शुद्धि: अशुद्ध शब्दों का शुद्धिकरण और शब्दगत अशुद्धि का कारण | - | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 2 |
| रिक्त स्थान पूर्ति | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| लिंग संबंधी | | | | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - | - | 1 | 1 |
| संज्ञा/सर्वनाम | 4 | 2 | 3 | 1 | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 | - |
| **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |
| **सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति** | | | | | | | | | | | | | |
| सादृश्यता | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 |
| संख्या श्रृंखला | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| गणितीय संक्रियाएँ | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 |
| कूट लेखन-कूटवाचन | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| वर्णमाला श्रृंखला | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| शब्दकोश/तार्किक क्रम | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| न्याय वाक्य | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| पहेली परीक्षण | - | - | - | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| रक्त संबंध | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| कागज के टुकड़े और मोड़ | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | 1 | - | - | 1 | 1 |
| पासा | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | - | - | 1 |
| अन्तर्निहित आकृति | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | - | - |
| वेन आरेख | 1 | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| वर्गीकरण | 1 | 1 | 3 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| बैठने की व्यवस्था | 2 | 2 | 2 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| दर्पण प्रतिबिंब | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | 1 |
| अशाब्दिक श्रृंखला | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 3 | 3 | 2 |
| **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |
| **प्रारंभिक गणित** | | | | | | | | | | | | | |
| संख्या पद्धति | 1 | - | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | - |
| सरलीकरण | 2 | 1 | 3 | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक | 1 | 3 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| समय एवं दूरी | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| अनुपात एवं समानुपात | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| समय एवं कार्य | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| लाभ एवं हानि | - | - | - | 4 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 3 | 4 | 5 | 4 |
| औसत | 2 | 3 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| प्रतिशत | - | - | 1 | 3 | - | 1 | 1 | - | - | 1 | 2 | - | 2 |
| चक्रवृद्धि ब्याज | 2 | 1 | 2 | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| साधारण ब्याज | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 |
| आयु | 1 | 1 | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| पाइप्स एवं टंकी | 2 | 2 | 2 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| क्षेत्रमिति | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 |
| **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |

# विषय-सूची


1. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 1st Feb 2023 Shift-2) ........ 1-7
2. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 1st Feb 2023 Shift-3) ........ 8-14
3. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 1st Feb 2023 Shift-4) ........ 15-21
4. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-1) ........ 22-28
5. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-2) ........ 29-35
6. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-3) ........ 36-42
7. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-4) ........ 43-50
8. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 6th Feb 2023 Shift-3) ........ 51-57
9. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-1) ........ 58-65
10. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-2) ........ 66-73
11. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-3) ........ 74-81
12. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-4) ........ 82-89
13. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-1) ........ 90-97
14. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-2) ........ 98-105
15. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-3) ........ 106-113
16. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-4) ........ 114-120
17. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 30th Jan 2023 Shift-1) ........ 121-128
18. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 30th Jan 2023 Shift-2) ........ 129-136
19. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 30th Jan 2023 Shift-3) ........ 137-143
20. SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-1) ........ 144-150

**21.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-2) ......151-158

**22.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-3) ......159-165

**23.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-4) ......166-172

**24.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 24th Jan 2023 Shift-1) ......173-179

**25.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 24th Jan 2023 Shift-3) ......180-187

**26.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-1) ......188-195

**27.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-1) ......196-202

**28.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 22nd Feb 2024 Shift-1) ......203-210

**29.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 29th Feb 2024 Shift-1) ......211-218

**30.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-2) ......219-226

**31.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-2) ......227-234

**32.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-3) ......235-242

**33.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-3) ......243-250

**34.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-4) ......251-258

**35.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-4) ......259-266

**36.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2025 (Held on 04th Feb 2025 Shift-1) ......267-274

**37.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2025 (Held on 04th Feb 2025 Shift-2) ......275-282

**38.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2025 (Held on 04th Feb 2025 Shift-3) ......283-290

**मासिक करेंट अफेयर्स मैगज़ीन**

Scan Me

**5 ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित टेस्ट्स**


Scan Me





# SSC GD सॉल्वड पेपर-2025

## (Held On: 04 Feb. 2025, Shift-1)

## भाग A: सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति

**1.** एक कागज को मोड़ने के क्रम और मोड़े गए कागज को काटने के तरीके को निम्नलिखित आकृतियों में दर्शाया गया है। खोलने पर यह कागज कैसा दिखाई देगा?



(*a*) 
(*b*) 
(*c*) 
(*d*) 

**2.** SBCF एक निश्चित तरीके से RADG से संबंधित है। NVMO उसी तरीके से MUNP से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, GUAX निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?

(*a*) FTBY (*b*) FRCY
(*c*) FTCY (*d*) FTBZ

**3.** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति-1 में- D, E, O और S बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में- F, A, R और M बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है। केवल D, E के बांईं ओर बैठा है। केवल R, A के बांईं ओर बैठा है। A और F के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। D और O के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एक-दूसरे के सम्मुख बैठे दोनों व्यक्तियों को दर्शाता है?

(*a*) E और R (*b*) E और A
(*c*) E और M (*d*) E और F


**4.** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
4 6 10 18 34 ?





(*a*) 67 (*b*) 66
(*c*) 68 (*d*) 65

**5.** सात व्यक्ति L, M, N, O, P, Q और R एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। M, P के ठीक बाईं ओर बैठा है। O, Q के ठीक बांईं ओर बैठा है। R, P के ठीक दाईं ओर तथा L के ठीक बाईं ओर बैठा है। N, L के ठीक दाईं ओर तथा O के ठीक बाईं ओर बैठा है। N के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?


(*a*) Q (*b*) P
(*c*) M (*d*) R

**6.** यदि दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन करें।



(*a*) 
(*b*) 
(*c*) 
(*d*) 

**7.** एक पांसे के फलकों पर अक्षर E, R, A, L, O और T अंकित हैं। दी गई आकृतियों में एक ही पांसे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। कौन-सा फलक, फलक E के विपरीत है?



(*a*) L (*b*) O
(*c*) R (*d*) A

**8.** अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर तार्किक रूप से शृंखला पूर्ण हो जाएगी।
_ HKM O _ NP RN _ S UQT _ XTW _

(*a*) JMRUX (*b*) LMQUY
(*c*) JKRVX (*d*) LKQVY

**9.** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BSGN' को '5-22-10-17' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TAUE' को '23-4-24-8' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'PJDQ' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

(*a*) 19-13-7-20 (*b*) 15-11-5-19
(*c*) 16-12-8-18 (*d*) 17-13-6-20

**10.** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'JAMB' को '5139' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BALM' को '9521' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या होगा?

(*a*) 1 (*b*) 9
(*c*) 2 (*d*) 5

**11.** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
208 190 163 127 82 ?

(*a*) 28 (*b*) 12
(*c*) 45 (*d*) 54

**12.** यदि शब्द GRACEFUL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

(*a*) एक (*b*) कोई भी नहीं
(*c*) दो (*d*) तीन




**13.** एक निश्चित कूट भाषा में,
'X@C' का अर्थ है कि 'X, C की पुत्री है',
'X $ C' का अर्थ है कि 'X, C का पति है',
'X = C' का अर्थ है कि 'X, C की माता है' और
'X * C' का अर्थ है कि 'X, C का पिता है'।
यदि 'N @ E $ J @ S' है, तो उपरोक्त के आधार पर J का N से क्या संबंध है?

(*a*) माता (*b*) पुत्री का पुत्र
(*c*) बहन (*d*) बहन की पुत्री

**14.** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह में हैं जो उस समूह से संबंधित नहीं हैं?
(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं हैं।)

(*a*) HJL (*b*) NPR
(*c*) SUV (*d*) FHJ


**15.** निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सबसे उचित ढंग से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।
महिला, कार्डियोलॉजिस्ट, इंजीनियर



(*a*) 
(*b*) 
(*c*) 
(*d*) 



**16.** किसी तर्क के आधार पर, 'CLONE' को 'BLUKU' के लिखा जाता है और 'BOUND' को 'AOAKT' लिखा जाता है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 'NICHE' को किस प्रकार लिखा जा सकता है?

(*a*) MIIEU (*b*) NIIEU
(*c*) MIIET (*d*) NIIET

**17.** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?



(*a*)   (*b*) 

(*c*)   (*d*) 

**18.** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**

सभी गैबियन, दीवार हैं।

सभी कंक्रीट, दीवार हैं।

सभी पुल, दीवार हैं।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ पुल, गैबियन हैं।

II. कुछ कंक्रीट, पुल हैं।

(*a*) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(*b*) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(*c*) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
(*d*) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**19.** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

EHO HJP KLQ ? QPS

(*a*) MNU (*b*) MMR
(*c*) NNR (*d*) NMR

**20.** यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$50 - 9 \div 1 + 63 \times 7 = ?$

(*a*) 53 (*b*) 52
(*c*) 50 (*d*) 51

## भाग B: सामान्य ज्ञान और सामान्य जागरूकता

**21.** सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 के अंतर्गत परीक्षा के दौरान अनुचित व्यवहार या अपराध में शामिल व्यक्तियों के लिए निर्दिष्ट जुर्माना राशि कितनी है?

(*a*) एक लाख रुपये तक
(*b*) दस लाख रुपये तक
(*c*) ग्यारह लाख रुपये तक
(*d*) बीस लाख रुपये तक

**22.** वार्षिक मामल्लपुरम नृत्य महोत्सव (Mamallapuram Dance Festival), जिसमें भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम, ओडिसी और कथकली के प्रदर्शन शामिल हैं, ______ में आयोजित किया जाता है।

(*a*) कर्नाटक (*b*) महाराष्ट्र
(*c*) आंध्र प्रदेश (*d*) तमिलनाडु

**23.** माइकल फैराडे ने विद्युत ट्रांसफार्मर और जनरेटर के पीछे के सिद्धांत, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की खोज कब की थी?

(*a*) 1875 (*b*) 1853
(*c*) 1820 (*d*) 1831

**24.** भारतीय संविधान के भाग III में किसका उल्लेख किया गया है?

(*a*) मौलिक अधिकार
(*b*) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
(*c*) नागरिकता
(*d*) मौलिक कर्तव्य

**25.** 2 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती के रुप में महात्मा गांधी की _________ जयंती मनाई गई।

(*a*) 153वीं (*b*) 155वीं
(*c*) 152वीं (*d*) 150वीं

**26.** पृथ्वी पर दो सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान कौन-से हैं जहाँ एक वर्ष में 1080 cm से अधिक वर्षा होती है?

(*a*) पासीघाट और अगुम्बे
(*b*) चेरापूंजी और मौसिनराम
(*c*) गंगटोक और अंबोली
(*d*) महाबलेश्वर और नेरियामंगलम

**27.** हरित क्रांति, अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र से संबंधित है?

(*a*) कृषि क्षेत्र
(*b*) वित्तीय क्षेत्र
(*c*) औद्योगिक क्षेत्र
(*d*) सेवा क्षेत्र

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से वाक्य सत्य है/हैं?

(*i*) वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय कृषि क्षेत्र की अनुमानित वृद्धि दर (projected growth rate) 5.5% थी।
(*ii*) वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, भारत का कृषि निर्यात लगभग 50.02 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया।
(*iii*) खरीफ विपणन सीजन (Kharif Marketing Season) 2021-22 के दौरान, भारत मे 581.7 लाख मीट्रिक टन चावल संग्रहित किया (procured) गया।

(*a*) केवल i (*b*) केवल ii और iii
(*c*) केवल ii (*d*) केवल i और ii

**29.** भारत में पहले एशियाई खेल कहाँ आयोजित किए गए थे?

(*a*) पटियाला (*b*) चेन्नई
(*c*) नई दिल्ली (*d*) ग्वालियर

**30.** भारत सरकार अधिनियम, 1919 का आधार बनी सिफारिशों के पीछे प्रमुख व्यक्ति कौन-कौन थे?

(*a*) लॉर्ड लिनलिथगो और एडविन मोंटेगू
(*b*) लॉर्ड इरविन और एडविन मोंटेगू
(*c*) लॉर्ड चेम्सफोर्ड और एडविन मोंटेगू
(*d*) लॉर्ड कर्जन और एडविन मोंटेगू

**31.** भारतीय संविधान के कौन-से अनुच्छेद संघ लोक सेवा आयोग से संबंधित हैं?

(*a*) अनुच्छेद 330 से 338
(*b*) अनुच्छेद 315 से 323
(*c*) अनुच्छेद 300 से 320
(*d*) अनुच्छेद 210 से 219

**32.** वह एक कर्नाटक प्रसिद्ध गायिका थीं, जो यूरोप, उत्तरी अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाई थीं। वह कौन थी?

(*a*) मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बुलक्ष्मी
(*b*) आशा भोसले
(*c*) बेगम अख्तर
(*d*) लता मंगेशकर

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा खेल, 11वें एशियाई खेल बीजिंग 1990 में एक विधा (discipline) के रूप में शामिल किया गया था?

(*a*) वॉलीबॉल (*b*) स्क्वाश
(*c*) कबड्डी (*d*) कुश्ती

**34.** भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में बहुआयामी गरीबों का प्रतिशत सबसे अधिक है?

(*a*) दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव
(*b*) दिल्ली
(*c*) पुडुचेरी
(*d*) चंडीगढ़

**35.** अगस्त 2024 में, सर्वोच्च न्यायालय को अलविदा कहने वाली महिला कौन है, जो तेलंगाना राज्य के लिए उच्च न्यायालय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश बनीं और भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाली नौवीं महिला थीं?

(*a*) हिमा कोहली (*b*) कुट्टी रामेश्वरम
(*c*) अदिति कपूर (*d*) उषा अय्यर

**36.** प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना ________ से क्रियान्वित की जा रही है।

(*a*) 2017 (*b*) 2016
(*c*) 2015 (*d*) 2014

**37.** निम्नलिखित में से किस पौधे को विशेष सहारे का उपयोग करके दीवारों पर चढ़ाया जा सकता है?

(*a*) कद्दू के पौधे (*b*) सूरजमुखी के पौधे
(*c*) गुलाब के पौधे (*d*) नींबू के पौधे

**38.** तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-1966) में उल्लेख की गई प्रमुख आर्थिक चुनौती क्या थी?

(*a*) युद्धकालीन व्यय और संसाधन आवंटन

(*b*) सेवा क्षेत्र का आरंभ करना

(*c*) डिजिटल प्रौद्योगिकी उन्नति पर ध्यान केंद्रित करना

(*d*) अर्थव्यवस्था का उदारीकरण

**39.** एनबीपीडब्ल्यू (NBPW), जिसे लौह युग का सबसे व्यापक मृद्भांडकर्म (pottery) माना जा सकता है, का पूर्ण रूप क्या है?

(*a*) नॉदर्न ब्लैक पॉलिशड वेयर (Norther Black Polished Ware)

(*b*) नॉदर्न ब्लू पॉलिशड वेयर (Norther Blue Polished Ware)

(*c*) नॉदर्न ब्रोंज पॉलिशड वेयर (Nothern Bronze Polished Ware)

(*d*) नॉदर्न ब्राउन पॉलिशड वयेर (Nothern Brown Polished Ware)

**40.** संगीत अकादमी (Music Academy) से प्रतिष्ठित नाट्य कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मी विश्वनाथन किस नृत्य शैली के लिए प्रसिद्ध थीं?

(*a*) कथक (*b*) भरतनाट्यम

(*c*) ओडिसी (*d*) कुचिपुड़ी

## भाग C: प्रारंभिक गणित

**41.** एक व्यक्ति 9 km/hr की चाल से कोलकाता से अहमदाबाद जाता है तथा उसी मार्ग से 18 km/hr की चाल से कोलकाता वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

(*a*) 8 (*b*) 12

(*c*) 15 (*d*) 17

**42.** 210 m और 140 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 80 km/hr और 150 km/hr की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

(*a*) 0.3 (*b*) 0.5

(*c*) 2 (*d*) 1

**43.** वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर विपुल ₹ 5400 की राशि का निवेश करता है और विजय ₹ 9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 5 वर्ष के अंत में, विजय को विपुल से ₹ 840 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज दर का (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

(*a*) 4.2 (*b*) 6.2

(*c*) 3.2 (*d*) 2.2

**44.** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(48 \div 8) \times \left\{\frac{49}{7} + \frac{40}{4} \times (7-3)\right\}\right]$$

(*a*) 282 (*b*) 284

(*c*) 273 (*d*) 286

**45.** दो संख्याएँ 4 : 9 के अनुपात में हैं। यदि उनका माध्यानुपाती 24 है, तो दोनों संख्याओं के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

(*a*) 25 (*b*) 30

(*c*) 15 (*d*) 20

**46.** मंदार के दो पोते केतन और तुषार हैं। 11 वर्षीय केतन को मंदान की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 12 वर्षीय तुषार को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन केतन और तुषार को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 22 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 8% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 22 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि मंदार के पास कुल धनराशि ₹ 24700 थी, तो मंदार ने तुषार को शुरूवात में कितनी धनराशि (₹ में) दी थीं?

(*a*) 13175 (*b*) 11875

(*c*) 12825 (*d*) 11625

**47.** 28, 60, 120 और 135 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

(*a*) 7560 (*b*) 7608

(*c*) 7626 (*d*) 7569

**48.** एक परीक्षा में, गणित के तीन पेपर, अंग्रेजी के दो पेपर और विज्ञान का एक पेपर था। सभी पेपर 100 अंकों के थे। S को गणित में 60%, अंग्रेजी में 70% और विज्ञान में 50% अंक मिले। सभी पेपर में उसके अंकों का प्रतिशत कितना था?

(*a*) 61.67% (*b*) 61.33%

(*c*) 60.67% (*d*) 60%

**49.** एक विद्यार्थी को एक पुस्तक की खरीद पर निम्नलिखित चार ऑफर मिल रहे थे:

I. 20% और 20% की दो क्रमिक छूट

II. 25% और 15% की दो क्रमिक छूट

III. 30% और 10% की दो क्रमिक छूट

IV. 5% और 35% की दो क्रमिक छूट

कौन-सा ऑफर विद्यार्थी को सबसे अधिक छूट प्रदान करता है?

(*a*) IV (*b*) I

(*c*) II (*d*) III

**50.** दो संख्याओं का HCF, 11 है और उनका योग 132 है। यदि दोनों संख्याएँ 42 से बड़ी हैं, तो दोनों संख्याओं के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

(*a*) 11 (*b*) 18

(*c*) 26 (*d*) 22

**51.** 16 और 48 का तृतीयानुपाती कितना है?

(*a*) 144 (*b*) 121

(*c*) 135 (*d*) 169

**52.** उस वस्तु का क्रय मूल्य क्या है जो 8% लाभ के साथ ₹ 1566 में बेची जाती है?

(*a*) ₹ 1420 (*b*) ₹ 1400

(*c*) ₹ 1450 (*d*) ₹ 1390

**53.** एक संख्या को पहले 15% घटाया जाता है और फिर 20% बढ़ाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त संख्या, मूल संख्या से 78 अधिक है। मूल संख्या ज्ञात कीजिए।

(*a*) 2600 (*b*) 5200

(*c*) 4500 (*d*) 3900

**54.** A किसी कार्य को 32 दिनों में और B उसी कार्य को 48 दिनों में पूरा कर सकता है। वे 8 दिनों तक एक साथ कार्य करते हैं और फिर A कार्य करना छोड़ देता है। शेष कार्य का 60% भाग B कितने समय (दिन में) में पूरा करेगा?

(*a*) $18\frac{4}{5}$ (*b*) $17\frac{3}{7}$

(*c*) $16\frac{4}{5}$ (*d*) $19\frac{3}{4}$

**55.** दो शंकुओं की ऊँचाइयों का अनुपात 4 : 3 है तथा उनके आधारों की त्रिज्याओं का अनुपात 1 : 2 है। उनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(*a*) 1 : 3 (*b*) 2 : 9

(*c*) 2 : 5 (*d*) 4 : 9

**56.** पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 85% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 48% की वृद्धि हो?

(*a*) 18% (*b*) 82%

(*c*) 20% (*d*) 80%

**57.** यदि समान ब्याज दर पर, 2 वर्ष में, साधारण ब्याज ₹42 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹51 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(*a*) 49 (*b*) 53

(*c*) 42 (*d*) 44

**58.** एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे वजन से 46% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(*a*) $84\frac{5}{27}\%$ (*b*) $87\frac{10}{27}\%$

(*c*) $86\frac{6}{27}\%$ (*d*) $85\frac{5}{27}\%$

**59.** गोपाल, अक्षय और अतुल का औसत भार 46 kg है। यदि गोपाल और अक्षय का औसत भार 40 kg है तथा अक्षय और अतुल का औसत भार 45 kg है, तो अक्षय का भार (kg में) ज्ञात कीजिए।

(*a*) 32 (*b*) 47

(*c*) 42 (*d*) 52

**60.** चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जो 15, 25, 40 और 75 से पूर्णतः विभाज्य हो।

(*a*) 9975 (*b*) 9999

(*c*) 9600 (*d*) 9960

## भाग D: हिंदी

**61.** 'खिन्न' का विलोम शब्द नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

(*a*) अप्रसन्न (*b*) प्रसन्न

(*c*) मलाल (*d*) दुखी

**62.** 'तोता उड़कर पेड़ की __________।'
निम्नलिखित में से 'देशज' शब्द युक्त विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण करें।
(*a*) शाखा पर बैठ गया
(*b*) टहनी पर बैठ गया
(*c*) फुनगी पर बैठ गया
(*d*) डाल पर बैठ गया

**63.** निम्न वाक्य में किस पद पर त्रुटि है उसे पहचानिए।
मेले में विद्यार्थियों की कई टोलीयाँ थीं।
(*a*) टोलीयाँ (*b*) मेले में
(*c*) कई (*d*) विद्यार्थियों की

**64.** निम्नलिखित में से बहुवचन से संबंधित वाक्य है–
(*a*) प्रेम तुम्हारे मामा हैं।
(*b*) देवराज अत्यंत वीर हैं।
(*c*) वह एक दाता है।
(*d*) प्रेम और हरि तुम्हारे मामा हैं।

**65.** रिक्त स्थान की पूर्ति सार्थक-निरर्थक शब्द युग्म से करें।
जीवन मे हमेशा मनुष्य को ........... रास्ते से गुजरना पड़ता है।
(*a*) सुगम
(*b*) ऊपर-नीचे
(*c*) चलते-फिरते
(*d*) टेढ़े-मेढ़े

**66.** 'विष्णु' के लिए पर्यायवाची शब्द होगा–
(*a*) नागेंद्र (*b*) राकेश
(*c*) जनार्दन (*d*) नागेश

**67.** निम्नलिखित में से विशेषण युक्त पद नहीं हैं।
(*a*) ऊँचा मकान (*b*) मोटा लड़का
(*c*) लाल कपड़ा (*d*) उतार चढ़ाव

**68.** मेरे परीक्षा में अच्छे अंक आए हैं। वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित एकार्थी शब्द के लिए उचित विकल्प है
(*a*) नाटक के अंक
(*b*) गिनती के अंक
(*c*) भाग्य
(*d*) अध्याय

**69.** 'अनन्या स्नेहा को पत्र लिख रही है'। प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग कर इस वाक्य को लिखिए
(*a*) अनन्या स्नेहा से पत्र लिखवाती है।
(*b*) अनन्या स्नेहा को पत्र लिखेगी।
(*c*) अनन्या स्नेहा पत्र लिख रही है।
(*d*) अनन्या स्नेहा पत्र लिख सकती है।

**70.** निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें, जिस में उचित मुहावरे का प्रयोग नहीं किया गया है–
(*a*) तुमने मेरा इतना पैसा ले रखा है, लेकिन मुझे देखते ही कनी चाटने लगते हो।
(*b*) मैंने तो काम करने के लिए कमर कस ली है, अब सब कुछ करना है अपने परिवार के लिए।
(*c*) मैं चाहे कब्र खोदकर इतना पैसा लाऊँ, तुमसे क्या मतलब? तुम तो यह जमीन बेचने के लिए मान जाओ बस।
(*d*) तुमने मेरा इतना नुक्सान किया है, अब मैंने भी तुम्हारे कपड़े न उतरवा लिए तो मेरा नाम नहीं।

**71.** 'छ: महीने का समय'
उपरोक्त वाक्यांशों के लिए एक शब्द होगा–
(*a*) छठी (*b*) छठवाँ
(*c*) छमाई (*d*) छमाही

**72.** निम्नलिखित वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द की पहचान करें।
जिसकी उपमा नहीं दी जा सके
(*a*) अनादि (*b*) अनन्य
(*c*) उपमा (*d*) अनुपम

**73.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–
(*a*) मैं प्रात: काल के समय पढ़ता हूँ।
(*b*) मेरे पास केवल एक घड़ी है।
(*c*) इसके बाद क्या हुआ?
(*d*) यह कैसे संभव हो सकता है।

**74.** यह वस्तु ग्राह्य है।
उपरोक्त वाक्य में 'ग्राह्य' शब्द का विलोम चयन कीजिए।
(*a*) भोज्य (*b*) आर्य
(*c*) अनाग्रह (*d*) त्याज्य

**75.** इनमें से किस वाक्य में त्रुटि नहीं है?
(*a*) तुम्हारा गाँव किसका है?
(*b*) मोहन का व्यवहार अच्छा नहीं है।
(*c*) अपकी बातें बहुत मीठा है।
(*d*) मोहन का व्यवहार अच्छी नहीं है।

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा लिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

एक युवक पत्थर की बेंच पर बैठकर टिफिन खाता हुआ। उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा ___(1)___ बैगपाइर (bagpiper) बजा रहा था। उसने काला लबादा गाउन पहन रखा ___(2)___। कपड़े-जूते ठीक-ठाक पहन रखे थे। हैट भी लगा रखा था। उसके सामने जमीन पर काठ और कपड़ों का बना संदूकनुमा बाक्स था। बाक्स में कुछ सिक्के थे। वह खड़ा होकर वाद्य ___(3)___ रहा था। उसके गाल वाद्य बजाने के कारण फूल-फूल जा रहे थे जैसे हमारे यहाँ भी शहनाई बजाते समय या शंख फूँकते समय। लोग उसके सामने से अदब ___(4)___ से गुजर रहे थे। एक-दो लोगों ने उसे अभिवादन भी किया। कुछ लोग करीब जाते और झुककर बाक्स में पेंस (सिक्के) डाल देते। दूर से फेंकता कोई नहीं था। वक एक भिखारी था लेकिन यहाँ उसे स्ट्रीट आर्टिस्ट (सड़क कलाकार) कहा जाता है। भिक्षा या दान भी यहाँ कला के माध्यम से लिया जाता है। कोई माँगता या गुहार नहीं लगाता। या तो चुप बैठा रहता है या संगीत कला या गायन के माध्यम से वह लोगों का ध्यान आकृष्ट करता है। यह दृश्य मुझे सुखद विस्मय से भर गया। मैं देर तक उसे वाद्य बजाते देखते-सुनता रहा। पास में पेन्स (सिक्के) ___(5)___ न होने का अफसोस हुआ। भिक्षा के लिए यहाँ हाथ फैलाने की परंपरा नहीं हैं।

**76.** उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा ___(1)___ बैगपाइपर (bagpiper) बजा रहा था।
(*a*) बाज्य (*b*) वाद्य
(*c*) तरह का (*d*) समान

**77.** उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
उसने काला लबादा गाउन पहर रखा ___(2)___।
(*a*) था (*b*) हैं
(*c*) थी (*d*) थीं


**78.** उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
वह खड़ा होकर वाद्य ___(3)___ रहा था।
(*a*) बजा (*b*) चल
(*c*) रो (*d*) गा

**79.** उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्न चिन्हित शब्द का विपरीत शब्द पहचानें
लोग उसके सामने से अदब ___(4)___ से गुजर रहे थे।
(*a*) बुरा अदब (*b*) बेअदब
(*c*) नजरअंदाज (*d*) बैअदब

**80.** उपलब्ध विकल्पों में से कौन-सा विकल्प निम्नलिखित वाक्य के चिन्हित शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं?
पास में पेन्स (सिक्के) ___(5)___ न होने का अफसोस हुआ।
(*a*) रूपक (*b*) मुद्रा
(*c*) धाक (*d*) टंक

# उत्तरकुंजी एवं व्याख्या

**1.** (*a*)



**2.** (*a*) जिस प्रकार,

S B C F
↓–1 ↓–1 ↓+1 ↓+1
R A D G


और,

N V M O
↓–1 ↓–1 ↓+1 ↓+1
M U N P

उसी प्रकार,

G U A X
↓–1 ↓–1 ↓+1 ↓+1
F T B Y

**3.** (*c*)




अत:, E और M एक दूसरे के सम्मुख हैं

**4.** (*b*)

4, 6, 10, 18, 34, ?
+2 +4 +8 +16 +32


? = 34 + 32 = 66

**5.** (*d*)


M P R L N O Q

अत: N के बायीं ओर दूसरा स्थान R का है

**6.** (*b*)




**7.** (*c*)




विपरीत चेहरे हैं

| अक्षर | R | L | T |
|---|---|---|---|
| विपरी | E | O | A |

अत:, R फलक, फलक E के विपरीत है।

**8.** (*d*)

(L) H K M
↓+3 ↓+3 ↓+3 ↓+3
O (K) N P
↓+3 ↓+3 ↓+3 ↓+3
R N (Q) S
↓+3 ↓+3 ↓+3 ↓+3
U Q T (V)
↓+3 ↓+3 ↓+3 ↓+3
X T W (Y)

**9.** (*a*) तर्क: प्रत्येक अक्षर को उसके वर्णमाला स्थान में 3 जोड़कर कोडित किया गया है

जिस प्रकार,

B S G N
2 19 7 14
↓+3 ↓+3 ↓+3 ↓+3
5 22 10 17

और,

T A U E
20 1 21 5
↓+3 ↓+3 ↓+3 ↓+3
23 4 24 8

उसी प्रकार,

P J D Q
16 10 4 17
↓+3 ↓+3 ↓+3 ↓+3
19 13 7 20

**10.** (*c*) JAMB → 5139

BALM → 9521

सामान्य अक्षर B, A, M हैं, और सामान्य अंक 9, 5, 1 हैं। इसलिए, L को 2 के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।

**11.** (*a*) 208, 190, 163, 127, 82, (28)

–18 –27 –36 –45 –54

–9 –9 –9 –9

? = 82 – 54

∴ ? = 28


**12.** (*b*) मूल शब्द, G R A C E F U L

वर्णानुक्रम में क्रमबद्ध:

A C E F G L R U

स्थितियों की तुलना करने पर पता चलता है कि कोई भी अक्षर एक ही स्थान पर नहीं रहता।

**13.** (*a*)




J, N की माता है।

**14.** (*c*) तर्क: वर्णमाला में प्रत्येक अक्षर 2 स्थानों के अंतर पर है।

जिस प्रकार, HJL ⇒ H + 2 = J, J + 2 = L

FHJ ⇒ F + 2 = H, H + 2 = J

NPR ⇒ N + 2 = P, P + 2 = R

लेकिन, SUV ⇒ S + 2 = U, U + 1 = V (Odd)

**15.** (*a*) जिस प्रकार, कार्डियोलॉजिस्ट और इंजीनियर पेशेवर श्रेणियां हैं जिनमें महिलाएं या पुरुष शामिल हो सकते हैं




**16.** (*a*) जिस प्रकार,

C L O N E
↓–1 ↓+0 ↓+6 ↓–3 ↓+16
B L U K U

और,


B O U N D
↓–1 ↓+0 ↓+6 ↓–3 ↓+16
A O A K T

उसी प्रकार,


N I C H E
↓–1 ↓+0 ↓+6 ↓–3 ↓+16
M I I E U

**17.** (*d*) तर्क: अगली आकृति में क्रम 1, 2, 3, 4, ... आदि में नए प्रतीक जोड़े गए हैं, और अगली आकृति में केवल एक पिछला प्रतीक बना हुआ है।

∴ ? =




**18.** (*c*)




अत: न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**19.** (*c*)

E H O
↓+3 ↓+2 ↓+1
H J P
↓+3 ↓+2 ↓+1
K L Q
↓+3 ↓+2 ↓+1
N N R
↓+3 ↓+2 ↓+1
Q P S

**20.** (*c*) $50 - 9 \div 1 + 63 \times 7 = ?$

चिन्ह बदलने के बाद,

$50 + 9 \times 1 - 63 \div 7$

$= 50 + 9 - 9 = 50.$

**21.** (*b*) लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 के तहत परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों या अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के लिए सजा **तीन से पाँच वर्ष** का कारावास और **10 लाख रुपए** तक का जुर्माना हो सकता है।

परीक्षाओं के संचालन के लिये सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त सेवा प्रदाता भी 1 करोड़ रुपए तक के जुर्माने के साथ दंडित किया जा सकता है और यदि सेवा प्रदाता अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो परीक्षा की आनुपातिक लागत भी उससे वसूल की जाएगी।

**22.** (*d*) वार्षिक मामल्लपुरम नृत्य महोत्सव, जिसमें भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम, ओ. डिसी और कथकली जैसे भारतीय शास्त्रीय नृत्यों का प्रदर्शन शामिल है, तमिलनाडु में आयोजित किया जाता है।

इस महोत्सव का आयोजन तमिलनाडु पर्यटन विभाग द्वारा किया जाता है।

हर साल **जनवरी** के प्रारम्भ से **फरवरी** के प्रारम्भ तक यह नृत्य महोत्सव **तमिलनाडु के चेंगल. पट्टू जिले के एक शहर मामल्लपुरम** (जिसे महाबलीपुरम के नाम से भी जाना जाता है) में आयोजित किया जाता है

**23.** (*d*) माइकल फैराडे ने 1831 में विद्युतचुंबकीय प्रेरण की खोज की।

उनके प्रयोग से यह सिद्ध हुआ कि एक परिवर्तित चुंबकीय क्षेत्र किसी चालक में विद्युत धारा प्रेरित कर सकता है, जो आधुनिक विद्युत ट्रांसफार्मर, जनरेटर और इंडक्टर का आधार बना।

उन्होंने इसे एक तार की कुंडली के माध्यम से चुंबक को हिलाकर प्रदर्शित किया, जिससे विद्युत धारा उत्पन्न हुई।

**24.** (*a*) भारतीय संविधान के भाग III में मौलिक अधिकारों का उल्लेख किया गया है।

संविधान के इस भाग में **अनुच्छेद 12 से अनुच्छेद 35** तक शामिल हैं।

ये अधिकार न्यायोचित हैं, अर्थात इन्हें न्यायालयों द्वारा लागू किया जा सकता है।

**25.** (*a*) 2 अक्टूबर 2022 को महात्मा गांधी की 153वीं जयंती मनाई गई, जिसे गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है।

महात्मा गांधी का जन्म **2 अक्टूबर 1869** को हुआ था।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा गांधी जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

**26.** (*b*) चेरापूंजी और मौसिनराम (मेघालय) पृथ्वी पर दो सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान हैं, जहाँ एक वर्ष में 1,080 से अधिक सेंटीमीटर वर्षा होती है।

चेरापूंजी में औसतन वार्षिक वर्षा 1,080 सेंटीमीटर से अधिक होती है।

मौसिनराम के पास विश्व में सबसे अधिक वार्षिक वर्षा का रिकॉर्ड है।

**27.** (*a*) हरित क्रांति कृषि क्षेत्र से संबंधित है।

हरित क्रांति उस कृषि परिवर्तन की अवधि को संदर्भित करती है, जिसने उच्च उपज वाली बीज किस्मों, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग के माध्यम से खाद्यान्न उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि की।

भारत में हरित क्रांति के जनक **एम. एस. स्वामीनाथन** हैं। हरित क्रांति 1960 के दशक के उत्तरार्ध में शुरू की गई थी।

**28.** (*b*) कथन (i) और (iii) सही हैं।

भारत में कृषि क्षेत्र ने सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की है, जो वित्त वर्ष 2017 से वित्त वर्ष 2023 के बीच औसतन 5% वार्षिक वृद्धि दर बनाए हुए है।

हालाँकि, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए विशिष्ट डेटा 4.7% की वृद्धि दर दर्शाता है।

आगामी खरीफ सीजन 2022-23 (खरीफ फसल) के दौरान 518 लाख मीट्रिक टन चावल की खरीद का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले खरीफ सीजन 2021-22 (खरीफ फसल) के दौरान वास्तव में 509.82 लाख मीट्रिक टन चावल की खरीद की गई थी।

**29.** (*c*) पहले एशियाई खेल **1951 में नई दिल्ली में** आयोजित किए गए थे।

एशियाई खेल, जिसे एशियाड भी कहा जाता है, एक महाद्वीपीय बहु-खेल आयोजन है, जो हर चार साल में एशिया के सभी देशों के खिलाड़ियों के बीच आयोजित होता है।

अगले एशियाई खेल **2026 में जापान के आइची-नागोया** में आयोजित होंगे।

**30.** (*c*) लॉर्ड चेम्सफोर्ड और एडविन मोंटेग्यू की सिफारिशों के आधार पर भारत सरकार अधिनियम, 1919 का गठन हुआ।

इस अधिनियम ने प्रांतीय स्तर पर द्वैध शासन (Diarchy) की शुरुआत की और केंद्रीय तथा प्रांतीय विषयों को अलग किया।

**लॉर्ड चेम्सफोर्ड 1916 से 1921 तक भारत के वायसराय** थे, जबकि **एडविन मोंटेग्यू 1917 से 1922 तक भारत के राज्य सचिव थे।**

**31.** (*b*) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 315 से 323 संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) से संबंधित हैं। ये अनुच्छेद संविधान के भाग XIV के अंतर्गत आते हैं, जिसका शीर्षक "संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ" है।

अनुच्छेद 315 संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों की स्थापना का प्रावधान करता है, जबकि अनुच्छेद 316 अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति तथा कार्यकाल से संबंधित है।

अनुच्छेद 317 सदस्यों को हटाने और निलंबन से संबंधित प्रावधान करता है।

**32.** (*a*) मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बुलक्ष्मी एक महान कर्नाटक गायिका थीं, जिन्होंने यूरोप, उत्तरी अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में प्रस्तुति दी थी।

सुब्बुलक्ष्मी का जन्म 16 सितंबर 1916 को मदुरै, तमिलनाडु में हुआ था।

उन्हें 1998 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

**33.** (*c*) कबड्डी को 11वें एशियाई खेलों में 1990 बीजिंग में एक खेल के रूप में शामिल किया गया।

भारत कबड्डी में प्रबल रहा है, और इसके शामिल होन के बाद से कई स्वर्ण पदक जीत चुका है।

1990 के बीजिंग एशियाई खेलों में 27 खेलों का आयोजन हुआ था।

**34.** (*a*) भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 के अनुसार, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव में बहुआयामी गरीबी का प्रतिशत सबसे अधिक है।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) गरीबी का मूल्यांकन विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों द्वारा अनुभव किये जाने वाले अभावो के आधार पर करता है, जैसे **स्वास्थ्य, शिक्षा, और जीवन स्तर** के संकेतक।

दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव की जनसंख्या में बहुआयामी गरीबों का प्रतिशत 9.21% है।

**35.** (*a*) अगस्त 2024 में, सुप्रीम कोर्ट को अलविदा कहने वाली हिमा कोहली ने तेलंगाना राज्य के उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

31 अगस्त 2021 को उन्हें भारत के सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया, और वे इस पद पर आसीन होने वाली नौवीं महिला न्यायाधीश बनीं।

न्यायमूर्ति कोहली ने 20 मई 2020 से दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता की।

**36.** (*b*) प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना **2016 से लागू** की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य नियोक्ताओं को नए कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए प्रोत्साहित करके रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।

योजना के तहत, सरकार नए कर्मचारियों के लिए तीन वर्षों तक कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी पेंशन योजना के लिए नियोक्ता का पूरा योगदान देती है।

इस योजना के लाभार्थी वे श्रमिक हैं जिनका **मासिक वेतन ₹15,000 तक** है।

**37.** (*a*) कद्दू एक लता है, जो जमीन पर फैलकर या सहारे के साथ बढ़ती है।

इसमें "स्पृशक" नामक विशेष संरचनाएँ होती हैं, जो पौधे को दीवारों, बाड़ों या जालियों पर पकड़ बनाने में मदद करती हैं।

- उचित सहारे के साथ कद्दू की बेलें ऊर्ध्वाधर रूप से बढ़ सकती हैं, जिससे जगह की बचत होती है और वायु संचार में सुधार होता है।

**38.** (*a*) युद्धकालीन व्यय और संसाधनों का आवंटन तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-1966) के दौरान संबोधित प्रमुख आर्थिक चुनौती थी।

तीसरी पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना और खाद्य उत्पादन में स्वावलंबी बनाना था।

आर्थिक लक्ष्यों को प्रभावित करते हुए वित्तीय संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा रक्षा और युद्धकालीन व्यय की ओर मोड़ दिया गया था।

**39.** (*a*) NBPW, जिसे सबसे व्यापक लौह युगीन मिट्टी के बर्तन के रूप में माना जा सकता है, का पूर्ण रूप उत्तरी काले पॉलिश वाले बर्तनों के लिए जाना जाता है।

NBPW उत्तरी भारत, विशेष रूप से गंगा के मैदानी क्षेत्रों में पाया जाता है।

इसका विकास लगभग 700 ईसा पूर्व, उत्तर वैदिक काल में प्रारम्भ हुआ, तथा लगभग 500-300 ईसा पूर्व तक अपने चरम पर रहा।

यह काल उत्तरी भारत में 16 महाजनपदों के उदय तथा तत्पश्चात मौर्य साम्राज्य के उदय के साथ मेल खाता है।

**40.** (*b*) संगीत अकादमी से प्रतिष्ठित नाट्य कलानिधि पुरस्कार प्राप्त लक्ष्मी विश्वनाथन भरतनाट्यम के लिए प्रसिद्ध थीं।

गुरु कांजीवरम एलप्पा पिल्लई की प्रमुख शिष्या लक्ष्मी विश्वनाथन, भरतनाट्यम की तंजावुर शैली की प्रतिपादक थीं।

वह चेन्नई की संगीत अकादमी की उपाध्यक्ष रहीं और 1984 से इसकी सदस्य थीं।

**41.** (*b*) पूरी यात्रा की औसत चाल

$= \frac{2 \times X \times Y}{X + Y} = \frac{2 \times 9 \times 18}{9 + 18}$

$= \frac{18 \times 18}{27} = 2 \times 6 = 12$ km/hr

**42.** (*a*) सापेक्ष चाल = 150 – 80 = 70 km/hr

$= 70 \times \frac{5}{18} = \frac{350}{18}$ m/sec

कुल दुरी = 210 + 140 = 350 m

अत: अभीष्ट समय = $\frac{\text{कुल दुरी}}{\text{सापेक्ष चाल}}$

$= \frac{350}{\frac{350}{18}} = 18$ sec $= \frac{18}{60} = 0.3$ मिनट

**43.** (*a*) माना ब्याज दर R% है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{9400 \times R \times 5}{100} - \frac{5400 \times R \times 5}{100} = 840$

$\Rightarrow 5\,(94R - 54R) = 840$

$\Rightarrow 200R = 840 \Rightarrow R = \frac{84}{20} = 4.2\,\%$

**44.** (*a*) $\left[(48 \div 8) \times \left\{\frac{49}{7} + \frac{40}{4} \times (7-3)\right\}\right]$

$= \left[6 \times \{7 + 10 \times 4\}\right] = 6 \times (7 + 40)$

$= 6 \times 47 = 282$

**45.** (*d*) माना कि संख्याएँ 4*a* और 9*a* है।

4*a* और 9*a* का माधयानुपाती = 24

$\Rightarrow \sqrt{4a \times 9a} = 24$

$\Rightarrow 6a = 24 \Rightarrow a = 4$

अत: दो संख्याओं के बीच धनात्मक अंतर

$= 9a - 4a = 5a = 5 \times 4 = 20$

**46.** (*c*) माना तुषार को मिली धनराशि *a* है।

∴ केतन को मिली धनराशि = ₹ (24700 – *a*)

प्रश्नानुसार, दोनों को समान धनराशि मिलती है,

$\therefore (24700 - a) \times \left(1 + \frac{8}{100}\right)^{11} = a \times \left(1 + \frac{8}{100}\right)^{10}$

$\Rightarrow (24700 - a) \times \left(1 + \frac{8}{100}\right) = a$

$\Rightarrow (24700 - a) \times \frac{27}{25} = a$

$\Rightarrow 24700 \times 27 - 27a = 25a$

$\Rightarrow a = \frac{24700 \times 27}{52} =$ ₹ 12,825

**47.** (*a*) 28 = 2 × 2 × 7

60 = 2 × 2 × 3 × 5

120 = 2 × 2 × 2 × 3 × 5

135 = 3 × 3 × 3 × 5

अत: 28, 60, 120 और 135 का ल० स०

= 2 × 2 × 2 × 3 × 3 × 3 × 5 × 7 = 7560

**48.** (*a*) गणित के तीन पेपरों में प्राप्त कुल अंक

$= 300 \times \frac{60}{100} = 180$

अंग्रेजी के तीन दो पेपरों में प्राप्त कुल अंक

$= 200 \times \frac{70}{100} = 140$

विज्ञानं के पेपर में प्राप्त अंक

$= 100 \times \frac{50}{100} = 50$

सभी पेपर में उसके अंको का प्रतिशत

$= \frac{(180 + 140 + 50)}{(300 + 200 + 100)} \times 100 = \frac{370}{6} = 61.67\,\%$

**TOPPER'S GUIDANCE**

सभी पेपर में अंको का प्रतिशत

$= \frac{3 \times 60 + 2 \times 70 + 50}{6 \times 100} \times 100$

$= \frac{370}{6} = 61.67\%$

**49.** (*a*) I: एकल छूट

$= 20 + 20 - \frac{20 \times 20}{100} = 40 - 4 = 36\%$

II: एकल छूट

$= 25 + 15 - \frac{25 \times 15}{100} = 40 - 3.75 = 36.25\%$

III: एकल छूट

$= 30 + 10 - \frac{30 \times 10}{100} = 40 - 3 = 37\%$

IV: एकल छूट

$= 5 + 35 - \frac{5 \times 35}{100}$

= 40 – 1.75 = 38.25% (अधिकतम एकल छूट)

**50.** (*d*) माना संख्याएँ 11*a* और 11*b* है।

अत: $11a + 11b = 132$

$\Rightarrow a + b = 12$

चूँकी दोनों संख्याएँ 42 से अधिक है, इसलिए (*a*, *b*)का संभव मान = (5, 7) अथवा (7, 5)

अत: अभिष्ट अंतर = 11 × 7 – 11 × 5

= 77 – 55 = 22

**51.** (*a*) *a* और *b* का तृतीयानुपाति $= \frac{b^2}{a}$

अत: 16 और का 48 का तृतीयानुपाति

$= \frac{48 \times 48}{16} = 3 \times 48 = 144$

**52.** (*c*) माना मूल्य = वि. मू. $\times \frac{100}{100 + \text{लाभ\%}}$

$= 1566 \times \frac{100}{108} =$ ₹ 1,450

**53.** (*d*) माना मूल संख्या *a* है।

प्रश्नानुसार,

$a \times \frac{85}{100} \times \frac{120}{100} = a + 78$

$\Rightarrow \frac{102a}{100} - a = 78 \Rightarrow \frac{2a}{100} = 78$

$\Rightarrow a = \frac{7800}{2} = 3900$

**54.** (*c*) माना कुल कार्य = 32 और 48 का ल. स.

= 96 इकाई

A की दक्षता $= \frac{96}{32} = 3$ इकाई/दिन

B की दक्षता $= \frac{96}{48} = 2$ इकाई/दिन

8 दिन में कार्य किया गया

= 8 × (3 + 2) = 40 इकाई

शेष कार्य = 96 – 40 = 56 का 60% $= 56 \times \frac{60}{100}$

$= \frac{168}{5}$ इकाई

अत: अभीष्ट समय $\frac{\frac{168}{5}}{2} = \frac{84}{5} = 16\frac{4}{5}$ दिन

**55.** (*a*) दो शंकुों के आयतनों का अनुपात

$= \frac{\frac{1}{3}\pi r_1^2 h_1}{\frac{1}{3}\pi r_2^2 h_2} = \left(\frac{r_1}{r_2}\right)^2 \times \left(\frac{h_1}{h_2}\right) = \left(\frac{1}{2}\right)^2 \times \frac{4}{3}$

$= \frac{1}{4} \times \frac{4}{3} = \frac{1}{3} = 1:3$

अत: अभीष्ट अनुपात = 1:3

**56.** (*a*) माना पेट्रोल की प्रारंभिक कीमत ₹ 100 है।

माना प्रारंभिक खपत 100 लीटर है।

प्रारंभिक खर्च = 100 × 100 = ₹ 10000

पेट्रोल की नई कीमत $= 100 \times \frac{185}{100} =$ ₹ 185

नया खर्च $= 10000 \times \frac{148}{100} =$ ₹ 14800

प्रश्नानुसार,

नई खपत $= \frac{14800}{185} = 80$ लीटर

अत: खपत में प्रतिशत कमी$= \frac{(100 - 80)}{100} \times 100$

= 20%

**TOPPER'S GUIDANCE**

खपत में प्रतिशत कमी

$= \frac{(85 - 48)}{(100 + 85)} \times 100 = \frac{3700}{185} = 20\%$

**57.** (*a*) चक्रवृद्धि ब्याज और साधरण ब्याज में अंतर

$= 51 - 42 = ₹ 9$

1 वर्ष के लिए साधरण ब्याज $= \frac{42}{2} = ₹ 21$

अत: ब्याज की दर $= \frac{9}{21} \times 100 = \frac{300}{7}\%$

अब साधारण ब्याज $= \frac{P \times R \times T}{100}$

$\Rightarrow 42 = \frac{P \times \frac{300}{7} \times 2}{100}$

$\Rightarrow$ मूलधन (P) $= \frac{42 \times 7}{6} = ₹ 49$

**TOPPER'S GUIDANCE**

2 वर्ष के लिए:

मूलधन $= \frac{SI^2}{(CI - SI) \times T^2}$

$= \frac{42 \times 42}{(51 - 42) \times 2 \times 2} = \frac{42 \times 42}{9 \times 4}$

$= 7 \times 7 = ₹ 49$

**58.** (*d*) माना 1gm सामान का क्रय मूल्य ₹1 है।

$\therefore$ 1000 gm का क्रय मूल्य = ₹ 1000

उसके द्वारा उपयोग किया वास्तविक वजन

$= 1000 \times \frac{(100 - 46)}{100} = 540$ gm

$\therefore$ दुकानदार के लिए क्रय मूल्य = ₹ 540

और दुकानदार का विक्रय मूल्य = ₹ 1000

अत लाभ % $= \frac{(1000 - 540)}{540} \times 100$

$= \frac{4600}{54} = 85\frac{5}{27}\%$

**TOPPER'S GUIDANCE**

लाभ प्रतिशत

$= \frac{\text{वजन में कमी \%}}{(100 - \text{वजन में कमी \%})} \times 100$

$= \frac{46}{(100 - 46)} \times 100 = \frac{4600}{54} = 85\frac{5}{27}\%$

**59.** (*a*) गोपाल अक्षय और अतुल के भार का योग

$= 46 \times 3 = 138$ kg

गोपाल और अक्षय के भार का योग

$= 40 \times 2 = 80$ kg

अक्षय और अतुल के भार का योग

$= 45 \times 2 = 90$ kg

अत: अक्षय का भार

$= (80 + 90) - 138 = 170 - 138 = 32$ kg

**60.** (*c*) चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या 9999 है।

15, 25, 40 और 75 का ल. स. = 600

$\frac{9999}{600}$ का शेषफल = 399

अत: चार अंको की सबसे बड़ी अभीष्ट संख्या

$= 9999 - 399 = 9600$

**61.** (*b*) 'खिन्न' का विलोम शब्द 'प्रसन्न' है, क्योंकि 'खिन्न' का अर्थ होता है नाखुश।

**62.** (*c*) सही वाक्य = तोता उड़कर पेड़ की फुनगी पर बैठ गया।

देशज शब्द वे शब्द होते हैं जो किसी विशेष स्थान, क्षेत्र या संस्कृति में प्रचलित होते हैं। ये शब्द उस स्थान या क्षेत्र की भाषाई विशेषताओं, संस्कृतियों, और परंपराओं को दर्शाते हैं।

**63.** (*a*) "मेले में विद्यार्थियों की कई **टोलीयाँ** थीं"।

टोलियाँ – शुद्ध शब्द

**64.** (*d*) इस वाक्य में "प्रेम और हरि तुम्हारे मामा हैं" में बहुवचन का उपयोग किया गया है क्योंकि इसमें दो व्यक्ति—प्रेम और हरि—का उल्लेख किया गया है।

**65.** (*d*) "जीवन में हमेशा मनुष्य को......... रास्ते से गुजरना पड़ता है"

"**टेढ़े – मेढ़े**" जीवन की कठिनाइयों और संघर्षों को दर्शाता है।

**66.** (*c*) "विष्णु" के पर्यायवाची शब्द: नारायण, हरि, अच्युत, जनार्दन, माधव, केशव, दामोदर, चक्रपाणि, विश्वम्भर, लक्ष्मीपति, और पद्मनाभ।

**67.** (*d*) उतार- चढ़ाव एक विशेषण नहीं है, यह एक स्थान या भू-रूप का वर्णन करता है, और यही सही उत्तर है।

विशेषण वह शब्द होते हैं जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण, अवस्था, आकार, रूप, रंग आदि को बताते हैं।

**68.** (*b*) "मेरे परीक्षा में अच्छे अंक आए हैं।"

यहां "अच्छे अंक" का मतलब है "अच्छे स्कोर" या "अच्छे नंबर" जो परीक्षा में प्राप्त किए गए हैं।

**69.** (*a*) जिस क्रिया से पता चले कि कर्ता खुद काम न करके किसी और को काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है, उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं। "अनन्या स्नेहा को पत्र लिखवाती है" में "लिखवाती है" प्रेरणात्मक क्रिया के रूप में सही रूप है, क्योंकि इसका अर्थ है कि वह किसी को पत्र लिखवाने के लिए प्रेरित कर रही है।

**70.** (*a*) कन्नी काटना मुहावरे का अर्थ = 'आँख बचाकर निकलना'।

इस वाक्य में "तुमने मेरा इतना पैसा ले रखा है, लेकिन मुझे देखते ही कनी काटने लगते हो" में उचित मुहावरे का प्रयोग नहीं किया गया है।

**71.** (*d*) छमाही = छ: महीनों का समय या आधा वर्ष। इसे "महीने का समय" के लिए सही रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**72.** (*d*) अनुपम का अर्थ = जो अद्वितीय या बेजोड़ हो।

इस शब्द का उपयोग किसी ऐसी चीज के लिए किया जाता है, जो किसी और से मेल न खाती हो, और जिसे उपमा नहीं दी जा सकती।

**73.** (*b*) मेरे पास केवल एक घड़ी है – यह सही वाक्य है। यह वाक्य साधारण और शुद्ध है।

**74.** (*d*) 'ग्राह्य' का मतलब है जिसे ग्रहण किया जा सके या स्वीकार किया जा सके, जबकि 'ताज्य' का मतलब है जो त्याग करने योग्य हो या जिसे न स्वीकार किया जा सके।

**75.** (*b*) "मोहन का व्यवहार अच्छा नहीं है।" — यह वाक्य सही है, इसमें कोई त्रुटि नहीं है। यहाँ पर मोहन के व्यवहार के बारे में नकारात्मक टिप्पणी की गई है।

**76.** (*b*) वाद्य — यह वाक्य के संदर्भ में सही है, 'वाद्य' यानी संगीत बजाने वाले उपकरण, जो यहाँ बैग्पाइपर के लिए उपयुक्त है।

**77.** (*a*) "उसने काला लबादा गाउन पहन रखा _____" – में 'था' समय की बात कर रहा है और यह भूतकाल में होने का संकेत है, इसलिए 'था' उपयुक्त विकल्प है।

**78.** (*a*) वाक्य में "वह खड़ा होकर वाद्य _____ रहा था" के लिए उपयुक्त क्रिया 'बजा' है, जो किसी संगीत वाद्य के बजने का संकेत देती है। यहाँ पर 'बजा' क्रिया का प्रयोग सही है।

**79.** (*b*) लोग उसके सामने से ... "बेदब' ... से गुजर रहे थे।"

'बेदब' का अर्थ है किसी के सामने से बिना सम्मान के गुजरना।

**80.** (*a*) पास में पेंस (सिक्के)---- न होने का अफसोस हुआ।" इसके लिए रूपक शब्द उपयुक्त नहीं है।

# SSC परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण पुस्तकें




₹249/-

PHYSICS WALLAH
PUBLICATION

To Buy PW Books
SCAN ME!

To share Feedback
SCAN ME!

ISBN 978-93-6897-730-8
9 789368 977308

1bb1bee4-af1b-4239-a3b5-9cd5e766fb37